Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take steps for release of fishermen detained in Pakistan jails.

श्री राजेश नारणभाई चुड़ासमा (जूनागढ़): अध्यक्ष महोदय, आज मैं सदन के माध्यम से उन मछुआरों की दयनीय स्थिति को बताना चाहता हूँ, जो पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से पाकिस्तान की जेल में बंद है। गुजरात के लगभग 271 मछुआरे, जिनमें ज्यादातर गिर-सोमनाथ के हैं। पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से पाकिस्तान ने बंदी बना कर रखा है।

अध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार के निरंतर प्रयास के उपरांत पाकिस्तान सरकार ने पिछले पाँच वर्षों के दौरान 201 मछुआरों को जेल से रिहा किया है। लेकिन इन मछुआरों को पाकिस्तान से रिहा नहीं किया गया है। उपर्युक्त विचार को ध्यान में रखते हुए, मैं सदन के माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूँ कि पाकिस्तान की जेल से इन 271 मछुआरों की शीघ्र रिहाई के लिए कृपा करके कार्रवाई की जाए।

अध्यक्ष महोदय, अगर आपकी अनुमति हो, तो मैं आपकी जानकारी और अवलोकन के लिए गिरफ्तार मुछआरों की सूची संलग्न करना चाहता हूँ।

माननीय अध्यक्ष :

डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी,

श्री नारणभाई काछड़िया,

श्री देवजी पटेल और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राजेश नारणभाई चुड़ासमा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

आप टेबल कर दें। सूची रिकार्ड में आ जाएगी।

श्री नायब सिंह सैनी।